तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

## खबर संक्षेप

### बंगोली में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**बंगोली।** कर्मचारी संघ बंगोली के तत्वावधान मे भाई दूज के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज रात्रि बाजार चौक के रंगमंच मे पुरुषोत्तम चंद्राकर दुर्ग का सॉस्कृतिक लोक कला मंच कार्यक्रम की प्रस्तुती होगा ।

### उधार की रकम मांगने पर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कसेकेरा में उधार का पैसा मांगने पर किराना दुकान संचालक एक महिला के साथ मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया है।पुलिस को कसेकेरा की पुनियाबाई यादव ने बताया कि वह गांव में किराना दुकान चलाकर जीवनयापन करती है। 21 अक्टूबर को शाम करीबन 4 बजे वह अपने दुकान में थी, तभी गांव के मनीराम पटेल एवं उसका लड़का पन्ना पटेल और उसके साथ आए टोपराम निषाद ने डिस्पोजल एवं पानी पाउच उधार मांगा। इस पर मनीराम पटेल से कहा कि पहले का उधारी का पैसा दो, तभी सामान दूंगी। इस पर आरोपी मनीराम पटेल, उसका लड़का पन्ना पटेल एवं टोपराम निषाद तीनों मिलकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे, जिससे से चोट लगी है। मामले में धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चटाई को लेकर विवाद बैगा के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चुरूपाली में गौरी-गौरा पर्व के दौरान चटाई ले जाने को लेकर एक व्यक्ति ने गांव के बैगा के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी, मामले की रिपोर्ट पर तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी दीनदयाल साहू पिता हीरा सिंह साहू ने बताया वह गांवकारी बैगा का काम करता है। गांव में गौरी गौरा रखा गया है। 21 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे गौरी गौरा को चटाई से ढंका गया था, इसी दौरान गांव के बंशीलाल ठाकुर ने आकर कहा कि यह चटाई मेरी और मैं इसको ले जाउंगा। तब प्रार्थी ने कहा कि अभी रहने दो बाद में ले जाना। इसी बात पर बंशीलाल ठाकुर ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में पहने कड़ा से बांये आंख के नीचे मारा।

### टार्च दिखाने पर युवक पर चाकू से हमला

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव में टार्च दिखाने पर हुए विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को वार्ड 18 निवासी चंद्रध्वज सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर की रात करीबन 9.30 बजे वह घर में था, उसी समय उसके लड़के भेसराज सिंह को उसके दोस्त रवि पटेल और डगेश्वर साहू लेकर आये। इस दौरान भेसराज के दाहिने ओर कमर के ऊपर में चोट लगने खून निकल रहा था, जिसे तुरंत एंबुलेंस में बिठाकर इलाज के लिये खरोरा अस्पताल महासमुंद लाया गया। घटना को लेकर उसके दोस्त रवि पटेल को बताया कि रात्रि करीबन 9 बजे वह, डगेश्वर साहू और भेसराज सिंह हाई स्कूल मैदान के पास बैठे थे, कुछ समय बाद मोटर सायकल से कीर्ति सतनामी, शुभम सतनामी और शुभम धीवर आए, जिसको देखकर भेसराज टार्च दिखाने लगा, इसी बात को लेकर आरोपी कीर्ति सतनामी, शुभम सतनामी और शुभम धीवर तीनों ने एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की नीयत से कीर्ति सतनामी द्वारा टार्च दिखाने वाले कौन है, कहकर गले में चाकू टिका दिया और भेसराज की कमर में चाकू मार दिया, इसके बाद तीनों भाग गए। मामले को लेकर आरोपियों के विरूद्ध धारा 118(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मारपीट के एक अन्य मामले में नयापारा के मकसूद खान ने सिटी कोतवाली पुलिस को बताया कि 21 अक्टूबर को वह घर में था।

## कार्रवाई : पुलिस ने फर्जीवाड़े का किया खुलासा, फरार आरोपियों की तलाश जारी

# ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी, निवेशकों को चूना लगाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रार्थी रमेश कुमार धोबी उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम तिल्दा(कारी) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी विजय जायसवाल एवं अन्य द्वारा प्रार्थी के पास कई बार आकर उसका विश्वास जीतते हुए स्वयं को ट्रेडिंग के नाम से बिजनेस चलाना बताकर एवं उसमें इनवेस्टमेंट करने से पैसा 25 माह में डबल हो जाना तथा इससे बहुत लोग जुड़े होने की बात बताया गया। उसके बातों एवं झांसे में आकर प्रार्थी द्वारा 08.12.2023 से 09.04.2024 तक कुल 5,25,000 रकम आरोपियों को कंपनी में निवेश करने हेतु दिया गया। इस बीच प्रार्थी को 44,000 वापस भी किया गया। साथ ही आरोपियों द्वारा प्रार्थी को इक्विटस स्मॉल फाइनेंस कंपनी का चेक दिया गया तथा कई अन्य लोगों को स्टांप पेपर भी दिया गया।

इसके पश्चात आरोपियों द्वारा प्रार्थी का पैसा वापस नहीं करते हुए अपना मोबाइल एवं बातचीत दोनों बंद कर दिया गया, जिससे प्रार्थी को अपने साथ धोखाधड़ी करने का एहसास हुआ। इस बीच प्रार्थी द्वारा अपने स्तर पर भी पता पता किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई लोगों से आरोपियों द्वारा मनी ग्रो इन्वेस्टमेंट में 25 महीना में पैसा डबल हो जाने का लालच देकर, करोड़ों रुपए जमा कराया गया है तथा पैसा वापस नहीं कर उनके साथ भी धोखाधड़ी किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 496/2024 धारा 420,34 का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

### धोखाधड़ी का मामलाः निवेशकों को पैसा डबल करने का झांसा देकर ठगी



### आरोपियों ने स्वीकारा अपराध

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। साथ ही मनी ग्रो इन्वेस्टमेंट कंपनी में पैसा लगाने वाले अन्य लोगों के संबंध में भी जांच तस्दीक कर उनका कथन लिया गया, जिसके आधार पर प्रकरण में संलिप्त 03 आरोपियों - विजय जायसवाल (50), संतोष जायसवाल (49), महेंद्र जायसवाल (42) को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा मनी ग्रो इन्वेस्टमेंट कंटनी में निवेश कर विभिन्न अवधियों में पैसा डबल हो जाने का झांसा देते हुए प्रार्थी के साथ अन्य कई लोगों से करोड़ों रुपए की राशि का धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार का माननीय न्यायालय के प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में जांच एवं विवेचना कार्रवाई जारी है तथा फरार अन्य आरोपियों की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

## बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने चलाया सघन धरपकड़ अभियान

**बलौदाबाजार ।** दीपावली पर्व के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने सघन धरपकड़ अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों, लड़ाई-झगड़ा करने वाले, विवाद उत्पन्न करने वाले तथा शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।

- असामाजिक तत्वों पर हुई कड़ी कार्रवाई, 26 आरोपी गिरफ्तार
- पलारी, गिधपुरी, भाटापारा समेत कई क्षेत्रों में कार्रवाई जारी





जानकारी के अनुसार, 22 अक्टूबर को थाना पलारी, लवन, भाटापारा शहर एवं गिधपुरी की पुलिस टीम ने अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत ग्रामों, वार्डों एवं नगरीय क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। इस कार्रवाई ▶▶ शेष पेज 11 पर

### हुड़दंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी

दीपावली पर्व के दौरान आमजन की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस बल पूरी सतर्कता से क्षेत्र में गश्त कर रहा है।

- **भावना गुप्ता,** पुलिस अधीक्षक

## गौरी गौरा विसर्जन...



**बंगोली।** दिपावली पर्व के चलते ग्राम के डबरी पारा ,कुम्हार पारा व कंडरा पारा मे गौरी-गौरा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चात सुबह तीनो गौरी गौरा का विसर्जन मॉ शितला तालाब मे किया गया ।

## अंचल में हर्षोल्लास के साथ की गई गोवर्धन पूजा



**पलारी।**अँचल में गोवर्धन पर्व पर गोमाता की पूजा अर्चना की गई,इस मौके पर गोमाता को खिचड़ी खिलाई और सोहाई बांधी गई। नगर पंचायत पलारी के कृषि उपज मंडी में नगर के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में गोवर्धन पूजा किया।नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा यह पर्व सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि इसे प्रकृति,पशुधन और पर्यावरण साक्षरता के प्रति हमारी जिम्मेदारी के रूप में भी देखना चाहिए। उक्त अवसर पर सुरेन्द्र शर्मा,विपिन बिहारी वर्मा ,हितेंद्र ठाकुर ,इंद्रदेव वर्मा ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद डोमार सिंह वर्मा,लेखु वर्मा, नारायण धीवर,नेमसिंह बांधे,पुनीत निषाद, नंदू वर्मा, मुकुत वर्मा,मनीष चंद्राकर,धनेश वर्मा, झड़ीराम कन्नौजे,संतोष देवांगन,साधराम साहू, बहुरण साहू, सेवक वर्मा, संतराम वर्मा, उमाशंकर धीवर,साधराम यादव, फूलचंद साहू, फगुवा साहू, बेदराम साहू ,गोवर्धन यादव,ईश्वर साहू व नगर के किसान उपस्थित थे।

# हार्न बजाना पर विवाद, व्यवसायी पर घातक हमला, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गिधपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सुन्दरावन में एक चौंकाने वाली घटना में कपड़ा बेचने वाले युवक को हार्न बजाकर साइड मांगना उस समय भारी पड़ गया, जब नाराज़ युवकों ने उसे सड़क पर ही घेरकर गाली-गलौज करते हुए ईंट, लाठी और मुक्कों से बेरहमी से पीट दिया। इतना ही नहीं, बीच-बचाव करने आए उसके रिश्तेदार को भी नहीं बख्शा गया। मामला पुलिस ▶▶ शेष पेज 11 पर

- कपड़ा व्यापारी व रिश्तेदारों को आई गंभीर चोटें, चार आरोपी गिरफ्तार



### सड़क पर साइड मांगने से भड़के आरोपी

मामले में प्रार्थी कहर सिंह खूंटे 24 साल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह आसपास के गांव में घूमकर कपड़ा बेचने का काम करता है हर दिन की तरह 19 अक्टूबर को कपड़ा बेचकर रात्रि 08:00 बजे ग्राम सुन्द्रावन में गाड़ी से वापस जा रहा था कि गांव के मोड़ के पास आरोपीगण खड़े थे तथा उनके द्वारा आगे बढ़ने साइड के लिए हार्न बजाया गया, जिस पर वे आक्रोशित हो गए और आरोपियों द्वारा प्रार्थी के साथ अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ, मुक्का, ईंट एवं लाठी आदि से मारपीट किया गया। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के रिश्तेदारों से भी आरोपियों द्वारा गंभीर रूप से मारपीट किया गया। घटना के दौरान प्रार्थी एवं उसके रिश्तेदारों को गंभीर रूप से चोटें आई हैं।

### विद्युत समस्या निवारण शिविर नगर में 24 को

**बलौदाबाजार ।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी एवं विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर क्रा आयोजन 24 अक्टूबर को बलौदाबाजार स्थित नगर भवन में किया जाएगा। शिविर में उपभोक्ताओं का विद्युत बिल की शिकायत, विद्युत की मांग एवं विद्युत सम्बधित अन्य समस्याओं तथा मांगो का समाधान किया जाएगा।साथ ही नये कनेक्शन हेतु आवेदनों पर मौक़े पर ही कार्यवाही किया जाएगा। शिविर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही इच्छुक हितग्राही से ऑनलाइन फॉर्म भरवाए जाएंगे। कार्यपालन अभियंता ए के ठाकुर ने बताया क्रि प्रतिदिन 100 यूनिट बिजली खपत हेतु 1किलोवाट का सोलर पेनल लगाने के लिए लगभग 70 से 90 हजार खर्च ▶▶ शेष पेज 11 पर

# देवगांव में 17 जुआरी गिरफ्तार, एक लाख नकद व ताश की गड्डी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



बलौदाबाजार जिला में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में संचालित महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल के माध्यम से अपराध नियंत्रण और जनशिकायतों के त्वरित निराकरण में निरंतर सफलता मिल रही है। इसी क्रम में समाधान सेल में प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर थाना राजादेवरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम देवगांव में जुआ खेलते हुए 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1,00,000 नगद राशि एवं 52 पत्ती ताश की गड्डी जब्त की है।

पकड़े गए सभी जुआरियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार किए गए जुआरियों में परमानंद नायक राजकुमार साहू रूपेश कुमार साहू जगसाय पटेल कांतिलाल पटेल बहादुर बरिहा बसंत सेठ जागेश्वर सेठ हरिशंकर बरिहा हेमंत पटेल टिकेश्वर पटेल अजय पटेल मदन पटेल संग्राम सिंह रमेश पटेल संतोष पटेल और दयाराम बरिहा शामिल हैं।पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने आमजनों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधि जुआ सट्टा या अवैध कारोबार की जानकारी तुरंत समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से साझा करें। पुलिस द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित व गोपनीय कार्रवाई की जाएगी

## मार्शल आर्ट एकेडमी के बच्चों ने बनाई रंगोली, की आरती और फोड़े पटाखे

# दीपावली उत्सव में बच्चों ने दिखा उत्साह और संस्कृति से जुड़ाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के द्वारा बाल मंदिर परिसर में कराटे, मार्शल आर्ट, आत्मरक्षा की कला, एवं अन्य खेलों की प्रशिक्षण बच्चों को दिया जा रहा है, दीपावली के पावन अवसर पर चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के बच्चों के द्वारा परिसर में मौजूद गोवर्धन धारी कृष्ण भगवान की मूर्ति के सामने रंगोली बना कर दीपक सजाकर भगवान कृष्ण एवं लक्ष्मी माता की पूजन आरती कर अपने इष्ट देव हनुमान जी की पूजा आरती की गई और दीपावली का पर्व पटाखे फोड़ कर बच्चों ने मनाया।

बाल मंदिर परिसर में चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी भाटापारा के प्रशिक्षक एवं बच्चों ने साथ मिलकर दीपावली का उत्सव मनाया । उक्त आयोजन के दौरान जिला कराते संघ महासचिव ऋषभ सिंह चौहान चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी सचिव नेमीचंद साहू कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे सह-सचिव महेश राजपूत धनंजय पांडे गौरव साहू दीक्षा पांडे प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, प्रतीक द्विवेदी, यशवंत साहू, के साथ बच्चों में मुख्य रूप से हिमानी शर्मा, पावनी शर्मा, भानु देवांगन, प्रवीण मोहले ओम चोरिया रिचा यामिनी साहू ,नीलम साहू ,गुलाब साहू, वेद प्रकाश साहू, तुलाराम साहू, आर्चिस विभा कोशले, प्रवेश कटारे, सुधीर साहू, अदिति कुर्रे, आयुष कुर्रे, हर्ष बघेल, माही बघेल, साक्षी बहल, श्रुति पटेल, लुसिका घृत लहरें एवं अन्य प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे। भाटापारा में विगत वर्षों से चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी भाटापारा के द्वारा इस तरह का आयोजन किया जा रहा है जिससे बच्चों को अपनी संस्कृति के बारे में जानने का मौका मिला कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बच्चे काफी उत्साहित रहे।




# मूरा में खुलेआम शराब की अवैध बिक्री जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

खरोरा थाना से महज 7 किलोमीटर की दूरी मे ग्राम मूरा मे अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है ,दिपावली पर्व मे तो भट्टी जैसा माहौल बना था । प्रति पौवा 2 सौ रुपये की दर से अवैध शराब बिक्री जमकर हुई । मूरा मे अवैध शराब महिला,पुरुष द्वारा कई जगह बेची गई ।अवैध शराब की खेप मूरा मे अज्ञात ब्यक्तियों द्वारा पहुंचाया जा रहा है । ग्रामवासीयों ने बताया कि अवैध शराब मामले को लेकर ग्रामवासियों मे रोष ब्याप्त है ।

अवैध शराब विक्रेता अचानक पकड़ मे आते ही राजनितिक लोगों की सहयोग से पुलिस थाना खरोरा से सामान्य कार्यवाही करते हुए दो घंटे मे वापस घर पहुंच जाते हैं । अवैध शराब को कौन बंद करेगा जब नेता की फोन व थाना मे ही कार्यवाही ढीली व सुस्त है ।

- थाना के 7 किलोमीटर के दायरे में खुली दुकान की तरह हो रही अवैध शराब की बिक्री

मूरा मे अवैध शराब बिक्री कई वर्षो से खुलेआम हो रहे हैं बावजूद इसके आज पर्यंत तक मामला जस की तस बनी हुई है ।अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्यवाही करने पुलिस सिपाही मूरा जाते हैं परंतु क्या कार्यवाही करते हैं ग्रामवासीयों को आज पर्यंत तक मालूम ही नही है ,कोई कार्यवाही नही होता तभी तो खुलेआम अवैध शराब पहुंचाई जा रही व बेच रहे हैं । ग्रामवासियों ने पुलिस थाना खरोरा पर सवालिया निशान लगा रहे हैं ।

## खबर संक्षेप



### बिरकोनी में एक दिवसीय संगीतमय श्रीरामचरित मानस संगोष्ठी 28 को

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी बाजार चौक में 28 अक्टूबर मंगलवार को एक दिवसीय संगीतमय श्रीरामचरित मानस संगोष्ठी का आयोजन रखा गया हैं। आयोजक साधनदेवी रामकुमार साहू द्वारा प्रातः 10 बजे पूजा-अर्चना से शुभारंभ किया जाएगा। 11 बजे मानस प्रवचन रेशमी मानिकपुरी द्वारा प्रसंग-बाल /132 जेहि बिधि होइहि परम हित प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए यामिनी साहू,सोनिया साहू, धनकुमारी साहू जुटे हुए है।



### नयापारा कला में गौरा-गौरी विसर्जन

**अरंड (पिथौरा)।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार गीत गाते हुए ग्राम नयापारा कला में गाजे बाजे के साथ गौरी गौरा पूजा अर्चना कर विसर्जित किया गया विसर्जन में ग्राम के सरपंच शशि दीवान, उप सरपंच अग्निबाई ध्रुव, गंगाराम दीवान, भोजराम ध्रुव, देवी सिंह ठाकुर, राजेश यादव, लीलाधर यादव, भागीरथी दीवान, घनश्याम पटेल, हरिशंकर, मिथलेश साहू, चैन लाल पटेल, भोज राम ध्रुव बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# खरोरा में गौरा-गौरी विवाह, गोवर्धन पूजा में जुटे ग्रामीण





**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में दीपावली पर्व पर शहीद स्मारक खरोरा में अमर वीर शहीदों के दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई और खरोरा में गौरा-गौरी विवाह, गोवर्धन पूजा, ग्रामीण अंचल व देश की खुशी, सुख समृद्धि के साथ फसलों की अधिक पैदावार के लिए ग्रामीणों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। ग्रामीणों ने गौरा-गौरी, शिव-पार्वती की पूजा की। गांव की महिलाएं एक स्वर में गीत गाते नजर आई। साथ ही ढोलक, डमरु, दफड़ा, गुदुम जैसे वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य किया गया। गौरा-गौरी की मूर्ति की स्थापना करने के बाद शादी की रस्म पूरी की गई। रात में ही बारात निकाली गई और सुबह शोभायात्रा निकाल कर विसर्जन किया गया। गांव में पूरी रात गौरा-गौरी प्रतिमा बनाकर पूजा किया। सुबह गाजे-बाजे के साथ तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। रास्ते में श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान काफी संख्या में लोग भगवान गौरी-गौरा की पूजा के लिए उमड़े।

# दीपोत्सव पर पालिका में अध्यक्ष ने की मां लक्ष्मी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने दीपावली के पावन अवसर पर अध्यक्ष कक्ष में मां लक्ष्मी की पूजा कर कर्मचारियों के साथ खुशियां बांटी। इस दौरान उनकी माता सीतादेवी साहू भी पूजा में शामिल हुई। साहू ने मां लक्ष्मी से नगर वासियों के जीवन में सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि दीपावली हिंदू संस्कृति का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दिवाली का सबसे प्रमुख पौराणिक कथा भगवान राम से जुड़ा हुआ है। यह भगवान राम की अयोध्या वापसी का पर्व है जहां




लोगों ने उनकी स्वागत के लिए दीयों की कतारें सजाई थी। जो अज्ञानता और अंधकार को दूर करने का प्रतीक है। यह त्यौहार भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का एक जीवंत चित्रण है, जो हमें सदैव आशा और अच्छाई की विजय का संदेश देता है। भगवान राम तथा माता लक्ष्मी से यही प्रार्थना है कि सभी के जीवन में सुख समृद्धि का संचार हो। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद नीरज चंद्राकर, जितेंद्र मोहंती, हीरा चौहान सहित कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित थे।

# अछरीडीह में धूमधाम से निकली गौरी-गौरा की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम अछरीडीह में लक्ष्मी पूजा के दूसरे दिन को रात्रि 4 बजे धूमधाम से गौरा-गौरी के विवाह का उत्सव मनाया गया। इसमें मोहल्ले के लोगो ने परंपरानुसार भगवान शिव-पार्वती के विवाह की रस्में निभाई गई। इसके पहले निवास स्थल में ले जाकर पूजा स्थल में गौरा भगवान शंकर व पार्वती गौरी के साथ नंदी, भीमसेन की आकर्षक प्रतिमाएं बनाई गई। रात में दोनों प्रतिमाओं के साथ भगवान शंकर व पार्वती के विवाह की रस्में निभाई। बाजार चौक और



भाटापारा वार्ड में गौरा-गौरी पर्व की धूम रही। इस दौरान लोगों ने धूमधाम से गौरा-गौरी की बारात व शोभायात्रा निकली गई। जिसमें सभी लोगों ने हिस्सा लिया। सोमवार को दिनभर गौरा-गौरी को चबूतरा में विधिविधान से पूजा अर्चना कर, एक दिन रोककर मंगलवार को पारंपरिक बाजे-गाजे की धुन पर शोभायात्रा निकाली गई। पांच जगह से महिलाओं, पुरुषों, युवक, युवतियों द्वारा सिर पर शिव पार्वती को लेकर शोभायात्रा निकाली। जो आकर्षक साज सज्जा के साथ पूजा पाठ हुआ। सुबह सात बजे ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए। गौरी गौरा के जयकारे व आर्शीवाद के साथ अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। जिसमें भक्तों ने आपने हाथों को रस्सी से सोंटा लिया, जिसके बाद कोडार में विसर्जन हुआ।

## निधन



### कुंती चंद्राकर

**बेलसोंडा।** ग्राम बेलसोंडा निवासी कुंती चंद्राकर ( 75) पति बोधन प्रसाद चंद्राकर का निधन हो गया हैं उनके अंतिम यात्रा में गणमान्य नागरिक शामिल हुए

## जिले के 323 हितग्राही 26 नवंबर को तीर्थ यात्रा के लिए होंगे रवाना

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत जिले के हितग्राहियों के लिए तीर्थ स्थान प्रयाग, काशी विश्वनाथ एवं हनुमान मंदिर यात्रा तिथि 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई है। योजना अंतर्गत 26 नवंबर को 323 हितग्राही यात्रा के लिए जिला मुख्यालय स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल से रवाना होंगे। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हितग्राहियों को दोपहर 12 बजे तक उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 242 हितग्राही जिसमें जनपद पंचायत महासमुंद अंतर्गत 53, बागबाहरा के 46, पिथौरा के 53, बसना के 44 एवं सरायपाली के 46 हितग्राही तथा एवं शहरी क्षेत्र के 81 हितग्राही जिसमें नगर पालिका महासमुंद अंतर्गत 36, बागबाहरा के 13, सरायपाली के 14, नगर पंचायत पिथौरा के 6, बसना के 7 एवं नगर पंचायत तुमगांव के 5 हितग्राही शामिल है।

### गौरी-गौरा का विसर्जन

**अरंड (पिथौरा)।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार गौरी गौरा पूजा अर्चना के पश्चात विसर्जित किया गया। विसर्जन में ग्राम के सरपंच दिगंबर पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कौतुक पटेल, राम चरन ध्रुव, गंगाधर निर्मलकर, कार्तिक राम पटेल, हेम सिंह साहू, पप्पू राम ध्रुव, भोजराज, केसर भोई, देवकुवर बाई ध्रुव, गीता बाई ध्रुव, शिव कुमारी बाई ध्रुव, मिलो बाई ध्रुव, लीलाबाई दीवान रेवती बाई कृष्णा बाई ध्रुव, दुलारी बाई ध्रुव, शीला बाई ध्रुव, रमा बाई ध्रुव, बेहतरीन बाई ध्रुव, अनीता बाई ध्रुव, हार मोतीबाई ध्रुव, सुनीता बाई ध्रुव बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।





## अंचल में अन्नकूट गोवर्धन पूजा पर्व हर्षोलास के साथ मनाया गया

**नर्रा।** दीपोत्सवों का पर्व कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष त्रयोदशी धनतेरस नरक चतुदशी लक्ष्मी कुबेर पूजन दीपावली अमावस्या पर घर आंगन दीप से रौशन हुए। अगले दिन कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के दिन अन्नकूट गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोलास के साथ मनाया गया। इस दिन घरो में लोग इसके प्रतीक के रूप में गाय की गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा की जाती है। जब भगवान श्री कृष्ण ने ब्रजवासीयों को मूसलाधार वर्षा से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे कनिष्ठ छोटी उंगली पर उठा कर रखा था और गोप गोपिकाएं उसकी छाया में सुखपूर्वक रहे। सातवें दिन भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को नीचे रखा और प्रति वर्ष गोवर्धन पूजा करने अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से जाना जाता है।

## छग के खनिज संपदाओं पर भाजपा के उद्योगपति मित्रों की गिद्ध दृष्टि : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में लगातार भाजपा के केंद्रीय नेताओं के आगमन को लेकर पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के हरे भरे जंगल व खनिज संपदा पर इनकी निगाह पड़ गई है। अडानी जैसे बड़े व्यापारियों के लिए राज्य के समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। भाजपा के विकास का प्रमुख मॉडल खनिजों, ज़मीन और पानी के बेलगाम निजी दोहन है। छत्तीसगढ़ में 28 खनिजों के भंडार हैं, जिनमें 52 बिलियन टन से अधिक कोयला (भारत के भंडार का 18%), 2.7 बिलियन टन उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क (भारत के भंडार का 19%), और भारत के 37% से अधिक टिन अयस्क भंडार शामिल हैं, इसके अलावा बॉक्साइट, चूना पत्थर, डोलोमाइट, क्वार्टजाइट आदि भी हैं। इन बेशकीमती खनिज संपदा पर अडानी जैसे उद्योगपति भाजपा के सहयोग से कब्जा जमा रहे हैं।



चंद्राकर ने कहा कि बस्तर के खनिज पर भाजपा की सरकार में बस्तर और बस्तर वासियों का शोषण शुरू हो गया है। बस्तर के आम आदमी के रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी आवश्यकताओं पर कोई काम नहीं हो रहा। बस्तर सहित पूरे प्रदेश के गरीब व मध्यम वर्ग की उत्थान के लिए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने 5 साल में जो योजनाएं बनाई थी, भाजपा की सरकार ने उन तमाम योजनाओं को बंद कर दिया।

# अंधेरे में गुज़री 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारियों की दीपावली, नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दीपावली जैसे बड़े त्यौहार पर जहां पूरा प्रदेश खुशियों में सराबोर है, वहीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के हजारों कर्मचारी इस बार मायूसी और आर्थिक तंगी के बीच त्योहार मनाने को विवश हैं। राज्यभर में 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी-जो उपस्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में दिन-रात सेवाएं दे रहे हैं- उन्हें अब तक वेतन प्राप्त नहीं हुआ।

जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने बताया कि हाल ही में कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय माँगों को लेकर प्रदेशभर में आंदोलन किया था, जिसमें जेल भरो आंदोलन, जल सत्याग्रह और चुनरी यात्रा जैसे शांतिपूर्ण आंदोलन शामिल रहे। किंतु सरकार की ओर से अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। शासन द्वारा 16 अक्टूबर को सभी विभागों को यह निर्देश जारी किए गए थे कि सामान्य प्रशासन विभाग 18 अक्टूबर तक सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित करे, परंतु इन निर्देशों के बावजूद अब तक अधिकांश कर्मचारियों के खाते खाली हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे पहले से ही अल्प वेतन में परिवार का गुज़ारा कर रहे हैं, और इस बार वेतन न मिलने के कारण न तो दीपावली की ख़रीदारी कर पाए और न ही अपने बच्चों के लिए मिठाई या नए कपड़े ले सके। स्वीकृति के बाद भी 5 प्रतिशत वेतनवृद्धि का लाभ अधिकांश जिलों में नहीं दिया गया है। अधिकारी "बजट की कमी" का हवाला दे रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में रोष और निराशा गहराती जा रही है। इसी के साथ हाल ही में हड़ताल के दौरान बर्खास्त किए गए 25 कर्मचारियों की बहाली का मामला भी अब तक लंबित है।



## विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण हेतु शिविर लगाने के निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए जिलेभर में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिविरों में विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने बताया कि अपार आईडी निर्माण हेतु सभी दस्तावेजों की 'मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। व्हाट्सएप अथवा फोटोकॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी। आवश्यक दस्तावेजों में पैन कार्ड, प्रान कार्ड (शासकीय कर्मचारी हेतु), फोटोयुक्त 10वीं/12वीं मार्कशीट, पासपोर्ट, वोटर आईडी/ई-वोटर कार्ड, मेरिज सर्टिफिकेट, फोटोयुक्त विकलांग प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र (18 वर्ष से कम आयु वर्ग हेतु), स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों की वैधता, फोटो की स्पष्टता एवं जन्मतिथि का मिलान आधार कार्ड से अनिवार्य होगा। शिविरों में विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर सटीक अपार आईडी जारी की जाएगी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि या असंगति न रहे।

## क्षेत्र मे दिवाली, गौरा-गौरी उत्सव दो दिन मना

**नर्रा।** दीपोत्सवों का पर्व दिवाली लक्ष्मी-कुबेर पूजन किया गया। अंचल के गांवों में सोमवार और मंगलवार को गौरा गौरी सामूहिक पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसी तरह ग्राम कारागुला समेत क्षेत्र में गौरा गौरी पूजन मुख्य रूप से भगवान शिव गौरा और पार्वती गौरी के विवाह के प्रतीक है। इस त्यौहार पर मिट्टी से बनी गौरा गौरी की मूर्ति की पूजा होती है। लोकगीतों और नृत्य के साथ इनका विवाह कराया जाता है। दूसरे दिन बाजे के साथ गांव मे विसर्जन शोभा यात्रा निकाल कर तालाब मे विसर्जित किया। इस दौरान ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# खल्लारी में गौरा-गौरी विसर्जन में उमड़े श्रद्धालु, दिखा उल्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

दीपों का महापर्व दीपावली अंचल के गांवों में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने-अपने घरों में शुभ मुहूर्त पर विधिवत महालक्ष्मी, भगवान गणेश और मां सरस्वती का इस बार दो दिनों तक पूजा अर्चना कर मनाया। इसके बाद लोगों ने अपने आसपास के लोगो से मेल मिलाप कर एक - दूसरे को पर्व की बधाई देते हुए प्रसाद और मिठाईयां वितरण भी किया। वहीं इस मौके पर घरेलू महिलाओं व बालिकाओं ने अपने-अपने घर आंगन में आकर्षक रंगोली सजाई। लक्ष्मी पूजन के पश्चात रात्रि में विधिवत पूजा अर्चना के साथ गांव के विभिन्न चौक-चौराहों में गौरा-गौरी का प्रतिमाएं भी स्थापित की गई। इसके दूसरे दिन सुबह गांव के प्रमुख मार्गों व गलियों में गौरा-गौरी का भव्य शोभा यात्रा जुलूस



निकाली गई। जहां विसर्जन में लोगों की भारी भीड़ उमड पडी। इसी कड़ी में धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में गौरा-गौरी के प्रतिमाओं को बाजे गाजे व बम पटाखों की गडगडहाट के साथ गांवों के विभिन्न गलियों से भ्रमण कराते हुये यहां के प्रमुख तालाब में विसर्जन किया गया।

### घरों में भी हुई गोवर्धन पूजा

दीपावली के मौके पर मां लक्ष्मी पूजन के दूसरे दिन ग्रामीणजन अपने घरों के कोठार में गाय, बैल, भैंस की पूजा अर्चना के साथ गोवर्धन पूजा को पूरे पारंपरिक रूप से किया। जहां गोबर का गोवर्धन बनाकर उसमें गायों को चलाया गया और अपने घरों के आंगन में खाट के ऊपर केला के पत्ते में खिचड़ी खिलाने की रस्म अदायगी को पूरी की गई तथा इसके साथ ही किसान और उनके परिवार मवेशियों के जूठन प्रसाद भी ग्रहण किया।

## नगर में दीपावली का उल्लास गांवों में आज मातर उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धनतेरस से शुरु हुआ पांच दिवसीय दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। जिले भर में शहर से लेकर गांव तक, हर जगह रोशनी, उल्लास और पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू बिखरती रही। लोगों ने एक दूसरे को बधाई देने के साथ जमकर खरीददारी की वहीं लक्ष्मी पूजन को लेकर दो दिवसीय संशय के चलते दोनों दिन लोगों ने पूजा अर्चना की।

दीपोत्सव के पश्चात बुधवार को ग्रामीण अंचलों में मातर महोत्सव की धूम रही। मातर महोत्सव कृषि और पशुधन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो यादव (ठेठवार) समाज द्वारा बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। दीपोत्सव पर इस बार पारंपरिक मिट्टी के दीयों और कलात्मक सजावट के सामान की मांग खूब रही, जो स्थानीय कुम्हारों के लिए शुभ संकेत था। घरों को रंग-बिरंगी लाइटों, झालरों और आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया। लक्ष्मी पूजा के दिन, पूरे जिले में भक्ति और आस्था का माहौल रहा। शाम होते ही हर घर, दुकान और प्रतिष्ठान जगमगा उठे। लोगों ने विधि-विधान से मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। समीपस्थ ग्राम झालखम्हरिया में गोवर्धन पूजा के दिन यादव समाज की महिलाएं घर-घर जाकर तुलसी चौरा और गांव के धान कोठी, गायों के कोठा में घी या रंग से भित्ती (रंग-बिरंगे आकृतियों और पैटर्न) बनाया गया।

### अधिकारी पर जाति सूचक गाली-गलौज का आरोप, पंचायत सचिव से दबाव बनाकर प्रमाण पत्र बनवाने का मामला

**सरायपाली (ग्रामीण)।** जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत खैरझिटकी में पदस्थ पंचायत सचिव भरत कुमार ग्वाल ने सहायक अंकेक्षण अधिकारी शंकरलाल भोई पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अधिकारी ने अपने रिश्तेदार के घर जन्मे बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र गलत तरीके से बनवाने के लिए उस पर दबाव डाला। सचिव के अनुसार, संबंधित बच्चे का जन्म ग्राम पंचायत तोरेसिंहा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में हुआ था, जबकि उनका कार्यक्षेत्र खैरझिटकी पंचायत है। जब सचिव ने नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने से इंकार किया तो अधिकारी शंकरलाल भोई नाराज हो गए और फोन पर कहा "मैं तेरा अधिकारी हूं, मेरी बात नहीं मानता है?" इस दौरान उन्होंने जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि "तुझे देख लूंगा, नौकरी से सेवा मुक्त करवा दूंगा।" उन्होंने बताया कि इसके बाद शंकरलाल भोई ने जनपद पंचायत सीईओ के समक्ष उनके खिलाफ झूठी शिकायत कर दी कि सचिव ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए पैसे की मांग की है। सचिव के अनुसार, तत्कालीन जनपद सीईओ अमित हलदार ने बिना जांच पड़ताल किए उन पर कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सचिव ने समय पर लिखित जवाब देकर अपनी पूरी बात स्पष्ट की, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उनके पक्ष में कोई कार्रवाई नहीं की गई।



### मचेवा में गोधन को खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाया गया

**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में आज गोवर्धन पूजा के अवसर पर गोधन को खिचड़ी प्रसादी का भोग लगाया गया। परिवार के समस्त लोगों ने गौमाता का आशीर्वाद लेकर पूजा-अर्चना की। पश्चात सोहाई बांधकर खिचड़ी भोग लगाया लगाया गया।

## खबर संक्षेप

### आज पिथौरा प्रवास पर रहेंगे रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा

**पिथौरा (ग्रामीण)।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा मंगलवार 23 अक्टूबर को पिथौरा और बसना क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधायक पुरंदर मिश्रा दोपहर 12 बजे बसना के विप्र भवन में आयोजित स्व. लालबिहारी कर के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 2 बजे पिथौरा ब्लॉक के ग्राम बल्दीडीह सांकरा पहुंचकर निर्माणाधीन मां वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगे करेंगे तथा पूजा-अर्चना कर स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ दीपावली मिलन समारोह में शामिल होंगे।

### राजपुर में मातर महोत्सव आज

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में यादव समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 23 अक्टूबर गुरूवार को मातर महोत्सव का आयोजन रखा गया है। जिसमें विक्रम बेताल अखाड़ा दल सोनपैरी का प्रदर्शन होगा। रात्रिकालीन कार्यक्रम में शंभू गौरा सांस्कृतिक लोककला मंच सोनेवारा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी गिरवर यदु, सोमनाथ यादव, टिकेश यादव, हेराम यादव व कमल यादव ने दी है।

### राउत नाचा प्रतियोगिता आज

**पुरी।** ऐतिहासिक गौरव ग्राम कण्डेल में मातर महोत्सव एवं राउत नाचा प्रतियोगिता का आयोजन 23 अक्टूबर को किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम ममता चन्द्राकर के गीत संगीत से सजी पारम्परिक लोकगीतों की प्रस्तुति लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम चिन्हारी का आयोजन सम्राट मातर उत्सव इंदिरा आवासपारा एवं समस्त ग्रामवासी कण्डेल द्वारा किया गया है।

## पेज 11 के शेष

### बलौदाबाजार-भाटापारा ..

के तहत कुल 26 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जो शांति व्यवस्था भंग करने अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका के दायरे में पाए गए। पुलिस ने बताया कि दीपावली पर्व पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस टीम ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाएं, ताकि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग न मचा सके और नागरिक सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में विभिन्न थाना क्षेत्रों पलारी, गिधपुरी, भाटापारा शहर एवं सिटी कोतवाली के निवासी शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से चंद्रशेखर सोनवानी (ग्राम तेलासी), आर्यन साहू (रोहांसी), मोहन टंडन (सकरी), प्रदीप पैकरा (मुडियाडीह) सहित अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

### हार्न बजाने पर...

तक पहुंचा, तो त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। मामले में गिधपुरी में अपराध क्र. 137/2025 धारा 109,296,115(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर घटना में शामिल योगेश पुरैना 30 साल, रिकी उर्फ राकेश पुरैना 26 साल, रामकिशुन डीडी 28 साल सभी निवासी सुन्द्रावन थाना गिधपुरी तथा एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों द्वारा घटना को कारित करना स्वीकार किया गया, प्रकरण में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### विद्युत समस्या ...

आता हैं।प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 30 हजार रुपये केन्द्र सरकार एवं 15 हजार रुपये राज्य सरकार द्वारा कुल 45 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाती हैं।सब्सिडी उपरांत लागत 25 हजार से 45 हजार आता हैं इसीतरह 2 किलोवाट पैनल के लिए सब्सिडी राशि क्रमशः 60 हजार एवं 30 हजार रुपये। 3 किलोवाट एवं उससे अधिक के लिए सब्सिडी राशिकेन्द्र सरकार द्वारा 78 हजार एवं राज्य सरकार द्वारा 30 हजार कुल सब्सिडी राशि एक लाख 8 हजार रुपये।

# सेल में महालक्ष्मी व काली माता की प्रतिमा स्थापना कर की दीपावली पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल

ग्राम सेल में महालक्ष्मी महा सरस्वती भगवान गणेश का प्रतिमा स्थापित किया गया है। स्थानीय गुड़ी चौंक महामाया मंदिर के पास 20अक्टूबर को शाम महालक्ष्मी पूजन के दिन विधिविधान महालक्ष्मी महा सरस्वती भगवान गणेश का मूर्ति का स्थापना किया गया। गांव में भक्तिमय महौल बना हुआ हैं। आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ हैं। भक्तों ने संध्या महाआरती में बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहा हैं। गांव में धार्मिक भावनाओं से मूर्ति स्थापित किया गया है। धार्मिक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। यहां के दो जगहों पर महालक्ष्मी महा सरस्वती भगवान गणेश का प्रतिमा स्थापित किया गया है।

- 24 अक्टूबर को काली माता की शोभायात्रा और विसर्जन

### संध्या महाआरती में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

माता का जयकारे लगाते हुए भक्तगण पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया जाता हैं। धर्म कर्म महौल बना हुआ हैं। संध्या महाआरती में अलग अलग प्रकार के प्रसाद वितरण किया जाता हैं। इसी तरह डीहपारा में जय मां काली माता का पूजा अर्चना कर प्रतिमाएं स्थापित किया गया है। 20अक्टूबर को आधा रात को काली माता का प्रतिमा स्थापित किया गया है।

24अक्टूबर को बडे. धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर जय मां काली माता का तालाब में विसर्जन किया जाएगा। प्रतिदिन काली माता के पंडाल के नीचे रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। झांकी जसगीत के अलावा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। संध्या महाआरती में काली माता के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सम्मिलित हो रहा हैं। धार्मिक भावनाओं से मूर्ति स्थापित किया गया है।



### पर्व : गौरा-गौरी की शोभायात्रा में अखाड़ा दल के युवाओं ने दिखाए करतब

# दीपोत्सव पर मची धूम, हर्षोल्लास के साथ मना पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नगर में दीपोत्सव पर्व बड़े धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान गौरा-गौरी मूर्ति की स्थापना नगर के अधिकांश वार्डों नयापारा वार्ड, डबरापारा, नयागंजवार्ड, हथनीपारा सुभाषवार्ड, शक्तिवार्ड, नेहरूवार्ड, मातादेवालय वार्ड सहित अनेक वार्डों में किया गया। जहां पर भगवान गौरा गौरी की विधिवत पूजा अर्चना, आदिवासी समाज सहित सभी समाज के लोगों ने किया। धनतेरस के दिवस गौरागौरी स्थापना फूल कूचरना का कार्यक्रम संपन्न किया गया है।

लक्ष्मी पूजन पर प्रातः 10 बजे संबंधित स्थल से भगवान गौरा-गौरी की मूर्ति हेतु चुलमाटी कार्यक्रम संपन्न किया गया एवं निर्धारित स्थल पर ले जाकर, भगवान गौरा गौरी की मूर्ति संबंधित बैगाओं के द्वारा बनाई गई तथा रात्रि में भगवान गौरा गौरी की विवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराई। गोवर्धन पूजा के दिन प्रातः 6 बजे टिकावन कार्यक्रम संपन्न किया। दोपहर 12 बजे भगवान गौरा-गौरी की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे व अखाडे के साथ विसर्जन कार्यक्रम स्थानीय कल्याण सागर तालाब में संपन्न किया गया। इसी तारतम्य में नयापारा वार्ड, धरमू गली गौरा गौरा चौक पर गौरागौरी की मूर्ति स्थापित, सतरूपा गणेशसिंह ध्रुव, सावित्री पुनउराम ध्रुव कदम सुरेशसिंह ध्रुव, कुंती जयसिंह ध्रुव, इन्दुगीताप्रसाद ध्रुव के देखरेख में ओमसिंह, रामायण सिंह, प्रेमसिंह, जसपाल पालू, संतोष सुषीला रजक, कुमारी देवांगन, रोहणीरजक, दीक्षा, रष्मि,लक्ष्मी, आरती, जानकी, गौरी, कोमल, निकिता ध्रुव के व्दारा संपन्न किया। इसमें आदिवासी परिवार सहित वार्डवासीयों के सहयोग से यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया।

**शोभायात्रा में बच्चों ने दी प्रस्तुति :** इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहभागिता बजरंग अखाड़ा दल के प्रमुख बजरंग ध्रुव के मार्गदर्शन में नन्हे मुन्ने बालकों में बाबू, जतिन, गगन, मयंक, तुषार, वासु टिकेश्वर, कृष्णा, भूपेंद्र (बॉबी) ध्रुव, निखिल यादव, रितेष यादव, रितेन्द्र यादव,सन्नी ध्रुव, प्रवीण, सौरभ शैलेंद्र, शेखर, मोनू सहित अन्य ने आकर्षण हैरत अंगेज करतब दिखाए। विसर्जन कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग, ओम सिंह, प्रेम, ऋषभ शिवम, अमन, गजेंद्र, सोनू रविरजक, हिमांषुयादव, शिवध्रुव, गोलूध्रुव, आदि थे। शोभायात्रा में अखाड़ों के युवाओं ने आकर्षक हैरत अंगेज कर देने वाले करतब दिखाए।





## भरुवाडीह कला में गौरा-गौरी विसर्जन के साथ गूंजा लोक संस्कृति का उल्लास

**खरोरा।** अंचल अंतर्गत ग्राम भरुवाडीह कला में आदिवासी समाज द्वारा परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ गौरा-गौरी की स्थापना की गई थी। विसर्जन के पूर्व रात्रि में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गौरा-गौरी विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।विवाह उत्सव में गाजे-बाजे की धुन, लोकगीत और पारंपरिक नृत्य ने पूरे गांव को उत्सवमय बना दिया। अगले दिन विधि-विधान से गौरा-गौरी को भावपूर्ण विदाई दी गई और तालाब में विसर्जित किया गया।

गांव की युवतियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए तथा गाजे-बाजे की थाप पर पूरा ग्राम आनंद और



भक्ति से झूम उठा।इस अवसर पर ग्राम सरपंच चित्रलेखा सेतकुमार बंजारे सहित चैन सिंह ध्रुव, अशोक ध्रुव, राम सिंह ध्रुव, ठग्गू, भानु, बलराम वर्मा, भगवानी, श्रवण, हेमू, देवेंद्र, मेघराज और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।ग्राम के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि "गौरा-गौरी पर्व हमारे लोक जीवन की आत्मा है। यह पर्व न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखता है, बल्कि गांव में एकता, सौहार्द और सामूहिकता की भावना को भी सशक्त करता है।" ग्रामवासियों ने इस अवसर पर आपसी भाईचारे और लोक संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया।

### मुंडा में जमकर छाया दीपावली का रंग

मुंडा। मुंडा क्षेत्र में दीपावली का त्योहार बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार और मंगलवार को लक्ष्मी पूजा का आयोजन हुआ, जबकि शाम को गौरी-गौरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुटरु वर्मा के घर गौरी माता पार्वती की मूर्ति स्थापित की गई, वहीं मुकेश वर्मा के घर गौरा शंकर भगवान की मूर्ति बैठाई गई। इसके बाद शंकर जी की बारात बाजे-गाजे के साथ मुटरु वर्मा के घर पहुंची, जहां गौरी माता के साथ विवाह संस्कार सम्पन्न हुआ। मंगल आरती के साथ मूर्तियां विराजित की गईं। बुधवार सुबह 10 बजे गांव में बाजे-गाजे के साथ मंगल आरती निकाली गई और नई तालाब में मूर्तियों का विसर्जन किया गया। पुलिया चौक पर धनतेरस के दिन लक्ष्मी मां की मूर्ति धनेश्वर वर्मा के घर के पास स्थापित की गई। गोवर्धन पूजा के दिन यादव समाज ने मदार की थाप पर नाच-गान करते हुए सडहा देव स्थल पर पूजा अर्चना की। गोवर्धन पर्वत का प्रतीकात्मक पूजन कर गोबर की टीका लगाई गई। इस शुभ अवसर पर सरपंच सुश्री मुन्नी पांडे, प्रवीण पांडे, लल्लन पांडे, आशुतोष पांडे, टिकेश्वर पांडे, मनोज पांडे, सतीश तिवारी, नारायण वर्मा, हेमंत वर्मा, डाइजेश वर्मा, धनेश्वर वर्मा, सूमेर वर्मा, चंद्रेश वर्मा, नंदराम वर्मा, सुखी वर्मा, चिंताराम सेन, सुखेन वर्मा, डॉक्टर किरीत वर्मा, सूनहर यादव, राधे यादव, इतवारी भूषण यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### धूमधाम से मनाया गौरा-गौरी उत्सव

घोटिया। पलारी अंचल में बुधवार को धूमधाम से गौरा-गौरी का पूजा अर्चना कर उनका विसर्जन किया गया। लक्ष्मी पूजा के बाद इस त्योहार में भगवान शिव-पार्वती के विवाह की रस्में निभाई गई। बड़ी संख्या में लोग बाजे की थाप पर थिरकते हुए गौरी गौरा उत्सव का आनंद लिया। ग्राम घोटिया में सोमवार को ग्रामीणों द्वारा पवित्र मिट्टी ले जाकर गौरा गौरी की मूर्ति बनाई गई। जिसके बाद बुधवार रात्रि में गौरा का बारात लेकर आया गया। जिसमें महिलाएं बच्चे समेत बड़ी संख्या में लोग नाचते-गाते हुए गौरा-गौरी उत्सव में पहुंचे।पश्चात गौरा गौरी की पूजा अर्चना और शिव पार्वती का रस्म निभाई गई। आस्था में पुरूषों ने लगवाए सोंटे, महिलाएं झूपते नजर आई गौरा गौरी पूजा में लोगों के भीतर आस्था एवं भक्ति देखने को मिली। लोगों ने माता की आस्था और परंपरा के तौर पर पुरूषों ने सोंटे लगवाए और महिलाएं झूपती हुई नजर आई। गौरा गौरी जसगीत को सुनकर लोगों में उत्साह और उमंग परिलक्षित हो रही थी।विसर्जन यात्रा में घर घर की आरती, बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल गोवर्धन पूजा के दिन गौरा गौरी का पारंपरिक रूप से विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में ग्रामीणों द्वारा घर घर गौरा गौरी की आरती कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। तत्पश्चात गांव के तालाब में गौरा गौरी का विसर्जन किया गया। पूरा गांव इस दौरान भक्ति में सराबोर रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### एक दीप शहीदों के नाम जला कर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

पलारी। साहू समाज दतान परिक्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण साहू समाज ओडान द्वारा शहीदों को स्मरण करते सीमा पर शहीद जवानों की याद में माता कर्मा मंदिर प्रांगण में दीपावली के पर्व पर 'एक दीपक शहीदों के नाम' दीप जला कर श्रद्धांजलि अर्पित किए,इस अवसर पर भक्त माता कर्मा की पूजा की गई,साथ ही अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू ने बधाई देते हुए कहा कि संगठन क्षमता में विकास ही लक्ष्य तथा समाज के सम्मानित व वरिष्ठ सदस्यों से लगातार मार्गदशन लेते रहना चाहिए।दीपमालाओं से रौशन कर मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों की शहादत को याद किया गया,शहीदों की याद में जब दीये जगमगाए तो चहुंओर शौर्य और उजाला छा जाता हैं,यह दीप शहीद परिवारों को बल देता है तो दूसरी ओर राष्ट्रीय एकता का भी प्रतीक है,जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च निछावर कर दिया,उन शहीदों के नाम पर एक दीया शहीद स्थल पर जलाया जा रहा है,यह सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर नारायण साहू, आजूराम साहू, भोजराम साहू, जितेंद्र साहू, सुकलाल साहू, हेमकुमार साहू, रामजी साहू, दयाल साहू, चिंताराम, पीयूष साहू स्वजातिय बंधु उपस्थित रहे।





### गौरा गौरी विसर्जन में उमड़े नगरवासी

पलारी। नगर पलारी में बुधवार को गौरा गौरी का नगर के चमरी तालाब में विसर्जन किया गया इस दरम्यान हजारों की संख्या में नागरिक शामिल हुए।नगर के सभी 15 वार्डो में करीब 17 जगहो पर गौरा गौरी की स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।नगर में विसर्जन के लिए गौरा गौरी वार्ड नं 15 से प्रारंभ होते हुए वार्ड 14 व 13, शाँती नगर, रायपुर मार्ग, सरस्वती चौक, बाजार चौक, गांधी चौक, महामाया चौक, ठाकुर देव चौक से होकर वार्ड नं 6 में पहुँची जंहा से चमरी तालाब में विसर्जन किया गया इस दौरान जगह जगह पर गौरा गौरी की पूजा अर्चना की गई लोगो ने दंडवत कर आशीर्वाद लिया वही युवाओं ने खूब सोंटे खाए वही इस मौके पर नगर में गजब का उत्साह था।

### प्रेस क्लब ने बुजुर्गों संग मनाई दीपावली

**बलौदाबाज़ार ।** दीपावली का पर्व रोशनी और खुशियों का प्रतीक है, लेकिन इस रोशनी का असली अर्थ तब पूर्ण होता है जब यह किसी के जीवन में नई उम्मीद जगाए। इसी संदेश को आत्मसात करते हुए बलौदाबाज़ार प्रेस क्लब के सदस्यों ने इस बार एक अनूठी मिसाल पेश की। क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य अध्यक्ष नरेश गनशानी, सचिव दलजीत सिंह चावला, कोषाध्यक्ष राजेश्वर गिरी, आभाष शर्मा, राघवेंद्र सिंह, विजय तिवारी, राजा वालेचा सहित सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वहाँ रह रहे बुजुर्गों के साथ दीपावली का उत्सव मनाया। वृद्धाश्रम परिसर दीपों की रौशनी और बुजुर्गों की मुस्कान से जगमगा उठा। प्रेस क्लब के सदस्यों ने बुजुर्गों को मिठाइयाँ, पटाखे और उपहार भेंट किए तथा उनके साथ समय बिताया। परिवार की यादों में खोए इन बुजुर्गों के चेहरों पर जब मुस्कान लौटी, तो वातावरण भावनाओं से भर उठा।



### बंगोली मे मातर रावत नाच की धूम

बंगोली। दिपावली पर्व के चलते मातर दिवस पर यादव समाज व समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर एक साथ मातर मनाया। इस दौरान डोमार सिंह यादव,ईश्वरी यादव-समाज प्रमुख सहित समस्त यादव समाज भगवान नटवर नागर नंदा श्रीकृष्ण, राम की दोहा लगाकर, गाड़ा बाजा के साथ मातर मनाया गया। वहीं गोवर्धन पहाड़ मे गौ माता के श्री चरणों की रज से गोवर्धन पूजा संपन्न हुई ।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
22 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
थामा
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 3:00,6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## दीपदान की परंपरा से जगमगाए आंगन...

**खरोरा।** अंचल के ग्राम भरुवाडीह कला में लक्ष्मी पूजन का पर्व पूरे श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने मिलकर घर-घर जाकर दीप प्रज्वलित कर अपनी पुरातन परंपरा का निर्वहन किया। गांव के प्रत्येक आंगन में तुलसी चौरा के पास दीपदान किया गया, जिससे पूरा ग्राम प्रकाशमय हो उठा। दीपदान के इस आयोजन में सभी ने मिलकर आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि "हमारे गांव में वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है कि लक्ष्मी पूजन के दिन सभी वर्ग के लोग मिलकर दीपदान करते हैं। घर-घर जाकर एक-दूसरे के आंगन में दीप जलाने से आपसी स्नेह, देवता का आशीर्वाद और सामाजिक समरसता की भावना बढ़ती है। घर वाले बच्चों को मिठाई, धन आदि देकर इस पावन परंपरा को जीवंत रखते हैं। गांव के निवासियों ने इसे न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक माना बल्कि इसे समाज में एकता और संस्कारों के संवाहक रूप में भी देखा।





## खबर संक्षेप

### प्रथम शहीद खिलानंद साहू को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि





**खरोरा।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 11, कृष्णा नगर स्थित छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद भैया खिलानंद साहू जी की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, पार्षद पंचराम यादव, पूर्व पार्षद तोरण सिंह ठाकुर, शहीद के भाई मुकेश साहू सहित परिजनों और नगरवासियों ने बड़ी श्रद्धा और भावनाओं के साथ सहभागिता की। सभी उपस्थित जनों ने शहीद की समाधि पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके अमर बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि भैया खिलानंद साहू जी ने अपने अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और मातृभूमि के प्रति समर्पण से छत्तीसगढ़ पुलिस के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय लिखा है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### जर्वे में आज सजेगा आस्था का मेला

संडी बंगला। ग्राम जर्वे में हर साल की तरह इस वर्ष भी पारंपरिक मड़ई मेला समारोह 2025 का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। ग्राम के देवी-देवताओं की प्रतिष्ठा एवं ग्रामवासियों की आस्था का प्रतीक यह मेला आज मनाया जाएगा। आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा मया के सुघ्घा 2,जिसमें छत्तीसगढ़ी लोककला एवं पारंपरिक नृत्य-गीतों की शानदार प्रस्तुतियाँ होंगी।

### निधन

**वेद प्रकाश पटेल**



**भाटापारा।** मातादेवालय वार्ड निवासी व्यवसायी एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री व पटेल (मरार ) समाज के प्रदेश महासचिव वेद प्रकाश पटेल (वेदु) पिता स्व. मुंशी राम पटेल का 22 अक्टूबर को प्रातः 4 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हिंदू मुक्तिधाम रामसागरपारा मे किया गया। वो वेओमप्रकाश पटेल के छोटे व सत्यनारायण पटेल (सत्तू) जय नारायण (गुडडू) पटेल के बडे भाई, व दो बेटों के पिता थे।

## पर्व : घरों-मंदिरों में दीप जलाकर की गई लक्ष्मी और विष्णु भगवान की पूजा

# दीपों से जगमगाया अंचल, श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई गई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंचल में दीप पर्व दीपावली की धूम मची हुई है। श्रद्धा व भक्ति के साथ छोटी दीपावली मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने घरों व मंदिरों में पूजा-अर्चना की और दीप जलाए। दीपावली पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उल्लास दिख रहा है। घर का कोना-कोना दीपों से जगमग हो रहा है। तो कोई रंगोली बनाकर सजावट कर रहे हैं। होमदत्त वर्मा ,विनय वर्मा , ने बताया कि, घरों में रंगोली बनाने के साथ-साथ दीप जलाकर दिवाली को यादगार बनाने में जुटी हुई हैं।

इधर, धनतेरस पर भी लोगों ने दीप प्रज्वलित किया। प्रतिष्ठानों व घरों को रंग-बिरंगे झालरों से सजाया गया है। कुछ स्थानों पर लोगों ने विष्णु आराधना की और मोक्ष की कामना के साथ दीपक जलाया। लोगों ने घरों के सामने द्वार पर रंगोली सजाया और मां लक्ष्मी व विष्णु भगवान का आह्वान किया। कई जगहों पर लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जा रही है। मंदिरों को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया गई । जगह-जगह लोगों ने एक दूसरे से मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। रंग-बिरंगे बिजली के बल्ब की रोशनी और दीपों के प्रकाश से शाम जगमगा उठी। छोटे-छोटे बच्चों ने फुलझरिया, पटाखा फोड़ कर खुशी मना रहें हैं तो बुजुर्ग अपने-अपने घर के भगवती के पास से उक्का लेकर लक्ष्मी माता को घर आने और दरिद्रा को बाहर जाने का मंत्रोचार के साथ आह्वान करते नजर आए।



### घर के बाहर जलाए गए यम के दीप

गृहणी उपवास कर लक्ष्मी माता की पूजा-अर्चना करने में लगी थीं। कहीं-कहीं लक्ष्मी पूजा सोमवार को हुई तो कहीं मंगलवार को मनाई गई। इस दिन गांव के लोग सभी मंदिरों व सार्वजनिक पूजा स्थलों पर सर्वप्रथम दीप जलाते है। बाद में अपने-अपने घरों की कुलदेवी के आगे दीप जलाकर दीपावली का शुभारंभ करते हैं। पांच दिवसीय दिवाली पर्व पर हर रात दीयों की रोशनी से जगमगा रहे हैं। छोटी दीवाली के अवसर पर जहां घर के बाहर यम के दीप जलाए गए। इसके साथ ही पूजन-अर्चन कर सुख और समृद्धि की विशेष कामना की गई।

### परसदा (कनकी) में पर्व हर्षोल्लास की गई गौरा-गौरी पूजा



**खरोरा।** ग्राम परसदा (कनकी) में पारंपरिक लोकपर्व गौरा-गौरी पूजा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान महादेव और माता पार्वती की आराधना के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व भक्ति, सौहार्द और पारिवारिक सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। पूरे ग्राम में इस अवसर पर पूजा-अर्चना, गीत-संगीत और पारंपरिक सुवा गीत नाचा-गाना का आयोजन हुआ। महिलाओं ने माता गौरी के प्रतीक स्वरूप मिट्टी से गौरा-गौरी की प्रतिमाएँ बनाकर ग्राम चौक में स्थापित कीं। तत्पश्चात पारंपरिक सुवा गीत गाते हुए विधि-विधान से पूजा संपन्न की गई। पूजा स्थल पर वातावरण "शिवाय गौरीशाय च नित्ययुक्ताय नमो नमः, अर्धनारीश्वररूपाय सर्वमंगलमूर्तये॥" के जयघोष से गूंज उठा। ग्रामवासी महिलाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सुवा नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे समूचा ग्राम भक्ति और लोकसंस्कृति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने प्रदेश के समस्त नागरिकों को गौरा-गौरी पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ और माता गौरी की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए — यही मंगलकामना है।

## पलारी में दीपों की जगमगाहट के साथ हर्षोल्लास से मनी दीपावली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी अँचल में दीपावली धूमधाम से मनाई गई,इस खास मौके पर पुरा अँचल दिए से रौशन हो उठा वही वही सभी फुलझड़यिा जलाई और जमकर पटाख़े फोड़े।इस बार विशेष संयोग के चलते 20 और 21 अक्टूबर दो दिन दीपावली का मनाने का शुभ मुहूर्त रहा जिसमे लोगो ने नए नए कपड़े पहनकर धन की देवी माता लक्ष्मी भगवान गणेश की स्तुति करते हुए विशेष पूजा अर्चना की गई तथा भगवान से सुख शाँती और संमृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

■ गांव-गांव में माता लक्ष्मी और गौरा-गौरी की विधिवत पूजा

पश्चात परिवार और परिचित में प्रसाद बांटे इसके बाद परिवार के लोग मिल जुलकर पटाखे फोड़े तथा एक दूसरे को दीपावली की बधाई देते हुए दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान अँचल के प्रत्येक गांव में सामूहिक रूप से ग्रामीण माता लक्ष्मी प्रतिमा और गौरा गौरी स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है।

### विधायक संदीप साहू व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ मनाई दीपावली

दीपावली के खास मौके पर कसडोल विधायक संदीप साहू परिवार सहित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ मिलकर खुशी जाहिर की तथा पूर्व मुख्यमंत्री से आशीर्वाद लिया। विधायक साहू ने दीपोत्सव के अवसर पर अँचल के लोगो को शुभकामनाये देते हुए माता लक्ष्मी जी से अँचलवासियो के लिए सुख संमृद्धि की कामना की है।

## बंगोली मे श्रीकृष्ण लीला आज

**बंगोली।** आदर्श श्रीरामकृष्ण लीला मंडली बंगोली के तत्वावधान मे मातर,भाई दूज पर बाजार चौक रंगमंच मे नटवर नागर भगवान श्री कृष्ण - राधा की राहस नृत्य की लीला दिखाया जायेगा साथ ही भगवान श्रीकृष्ण राधा अपने ग्वाल बाल, सखियॉ ललीता,बिशाखा,चंद्रवली,सुनयना ,सुदामा सहित गोवर्धन पहाड़ की लीला दिखाया जायेगा । ब्यासपीठ मे दौलत धुरंधर,टकेश्वर धीवर ,कृष्णकुमार सेन सहित अन्य साथी कलाकार उपस्थित रहेंगे ।उक्त जानकारी रामगोपाल नायक मंडली के वरिष्ठ कलाकार ने दी है ।

## मां शारदा की काव्य गोष्ठी में कवियों ने आराधना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

साहित्य परिवार पलारी ने गुरुवार को पलारी में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। सर्वप्रथम मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ काव्य गोष्ठी की शुरुआत हुई। प्रथम कवि के रूप में अरुण कुमार वर्मा ने 'दीवाली ऐसे मने, मिटे सभी के पीर' सहित दोहों और छंदों का वाचन किया। समन्वय साहित्य परिवार पलारी के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू मयारू ने /"माटी के दिया करे अंजोर'' गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। बलौदाबाजार से आए व्यंग्य के कवि नेहरू लाल यादव ने 'मिलकर घर घर प्रकाश बांटने लगे' कविता का पाठ किया। राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार पोखन लाल जायसवाल ने 'जी करता है तुम्हें देखती रहूँ' मुहावरे परक रचना का पाठ किया। आज की गोष्ठी के संयोजक रहे कवि कृष्ण कुमार फेकर ने 'आओ हम सब दीप जलाएँ' गीत की मोहक प्रस्तुति दी। रविशंकर चंद्राकर ने 'जीवन को स्वर्ग बनायेंगे' कविता का पाठ किया। दीपक कुमार तिवारी 'नवीन' ने नई कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार देवांगन, घनश्याम प्रसाद वर्मा, विवान फेकर, अराधना वर्मा सहित बड़ी संख्या में कालोनीवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध ग़ज़लकार पूरन लाल जायसवाल ने किया। परमेश्वरी फेकर ने सभी कवियों का आभार व्यक्त किया।



## सिरपुर-बारनवापारा में पर्यटन विस्तार पर बैठक स्थानीय रोज़गार और इको-टूरिज्म पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिरपुर एवं बारनवापारा क्षेत्र में पर्यटन के विस्तार, प्रचार-प्रसार और समन्वित विकास के लिए वनमंडलाधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सिरपुर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण गणवीर धम्मशील की उपस्थिति में शुक्रवार को सभी रिसॉर्ट, लॉज एवं होमस्टे संचालकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिरपुर और बारनवापारा क्षेत्र में इको-टूरिज्म, हेरिटेज टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म, कल्चरल टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म और वेलनेस टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोज़गार के अवसरों और संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बारनावापारा अभयारण्य और सिरपुर क्षेत्र में सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित विषयों पर ज़ोर दिया गया प्रचार-प्रसार, पहुँच मार्गों के सुधार, सफारी के अवसरों का विस्तार, गाइड्स को ट्रेनिंग, सफारी वाहनों की उपलब्धता, वेबसाइट का सरलीकरण, ऑनलाइन बुकिंग सुविधा का पुनः सुदृढ़ीकरण सभी प्रतिभागियों ने विभाग के साथ मिलकर क्षेत्र में पर्यटन एवं इको-टूरिज्म को सशक्त बनाने के लिए अपने सुझाव एवं सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



### वनमंडलाधिकारी का वक्तव्य

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने कहा कि सिरपुर एवं बारनवापारा क्षेत्र में पर्यटन, विशेषकर इको-कल्चरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग और सिरपुर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण हरसंभव प्रयास करेंगे। विभाग का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता एवं सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखते हुए, सिरपुर-बारनवापारा क्षेत्र को छत्तीसगढ़ का प्रमुख टूरिज्म गंतव्य के रूप में स्थापित करना है, जिससे पर्यटक यहाँ की प्राकृतिक और ऐतिहासिक सांस्कृतिक समृद्धि का अनुभव कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटन विकास तभी स्थायी होगा जब विभाग, स्थानीय उद्यमी एवं समुदाय एक साथ मिलकर कार्य करें। बैठक में अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य कृषानू चन्द्राकार, वन परिक्षेत्र अधिकारी गीतेश कुमार बंजारे एवं गोपाल वर्मा, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल उपाध्याय, अतुल तिवारी एवं कविता ठाकुर सहित विभिन्न रिसॉर्ट एवं होम स्टे संचालक उपस्थित रहे।

## मेरे कार्यकर्ता हैं दीपक, मैं उनकी बाती हूं: विधायक

# राजा देवरी में विधायक कविता लहरे ने कार्यकर्ताओं संग मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

सरल, सहज, स्वभाव की धनी, मृदुभाषी, जन नायिका बिलाईगढ़ विधानसभा के विधायक कविता प्राण लहरें जी ने वनांचल सोनाखान क्षेत्र के राजा देवरी में अपने समस्त कार्यकर्ताओं के बीच दीपावली मनाई, सोनाखान क्षेत्र के हृदय स्थल, राजा देवरी में ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक की अगुवाई में, विधायक कविता प्राण लहरे ने, समस्त कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया, दीपावली की बधाई दी, सबको मिठाई की पैकेट वितरण किया, और सब के साथ दीप उत्सव मना कर, दीपावली भोज कार्यक्रम को संपन्न कराई। विधायक ने अपने उद्बोधन में समस्त वनांचल कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए उन्हें बधाई दी, और कहा कि आपके प्यार दुलार से ही मैं, आज विधायक बनी हूं, मुझे हमेशा आपकी सहयोग और प्यार दुलार की आवश्यकता पड़ेगी, जहां पर आपको मेरी जरूरत होगी, वहां पर मैं आपके साथ सदैव खड़ी रहूंगी, मेरे समस्त कार्यकर्ता दिया है और मैं उनकी बाती हूँ, उक्त बातें विधायक ने कही, उस दीपावली मिलन समारोह में युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, गोपलाल पटेल, चंद्रशेखर नायक, डिगेश यादव आदि प्रमुख जनों ने अपने अपने विचार रखकर सबको दीपावली की बधाई दी।



### ये रहे उपस्थित

दीपावली मिलन समारोह में प्रमुख रूप से विधायक कविता प्राण लहरे के साथ, युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, जान मोहम्मद खान, गोप लाल पटेल, धनीराम नाग, लखन बरिहा, चंद्रशेखर नायक, डिगेश यादव, दीपक बंदे, नंदकुमार डडसेना, राम कुमार डड़सेना, टीकम सिंह नायक, गनपत पटेल, देवकुमार साहू, मन्नू पटेल, राम सिंह ठाकुर, टूपेश्वर पटेल, त्रिलोचन पटेल, सालिक राम, प्रकाश, आसिफ खान, जिब्रधन पटेल, हर्षिकेश पटेल, झनक राम, कृष्ण चंद पटेल, बलिराम यादव, हेमलाल पटेल, हेमलाल बरिहा, सैनीलाल, बिजेंद्र पालेश्वर, राम कुमार नायक, चंवर सिंह बरिहा, राजेश सोनी, नरेश कुमार, लाला खान, वीरेंद सेन, गजानंद पटेल, तुलसी राम चौहान, संतोष पटेल, अजय बरीहा, दाऊ लाल धुरु, प्रमोद सिंघानिया, संजय गुप्ता, पुष्पा बंदे, इमाम बि, सायना बेगम, सुनीता, गीता बाई, ममता प्रधान, देव कुमारी, ममता साहू, रजनी, सुनीति, सुरुचि बाई, ठहर मोती, धनमोती आदि सैकड़ों कार्यकर्ता आमजन माता बहन शामिल रह कर दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने, इस संपूर्ण कार्यकम का संचालन युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान ने की, और आभार व्यक्त किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411